**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने किया डीएसआर विधि से धान की बुआई का निरीक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मोहगाँव क्षेत्र के देवगांव, मोहगांव माल, करेगांव एवं चाबी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देवगांव में डीएसआर विधि से धान की बुआई करने वाली किसान अनुसुइया मरावी के खेत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बोनी, खाद, गोबर खाद, सिंचाई के संसाधन की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने नवीन पद्धति का उपयोग करते हुए बुआई करने की अपील की। महिला कृषक से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद के उपयोग के बदले जैविक खाद का इस्तेमाल करें। इस विधि से बुआई करने पर कम खर्च और कम पानी में अच्छी पैदावार की जा सकती है। इस दौरान एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके मंडाले सहित संबंधित उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मोहगांव क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक कूप, स्टॉपडेम, वृक्षारोपण हेतु खुदाई, कंटूर ट्रेंच, गेबियन स्ट्रक्चर आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## जिम्मेदारों की लापरवाही से नहीं मिल पा रहा आमजन को लाभ

# वर्षो से बंद पड़ा सार्वजनिक शौचालय

*** ग्राम पंचायत मवई की लापरवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई






ग्राम पंचायत मवई द्वारा बस स्टैंड वाहन कर वसूली, मेला नीलामी एवं बाजार नीलामी कर एक वर्ष में लगभग 10 लाख रुपए से भी ज्यादा की आय अर्जित करती है किंतु जन सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं की जाती 8-9 लाख रुपए की राशि सिर्फ बाजार से आ रही है लेकिन बाजार में व्यापारी या आम जन के लिए पेयजल, सुविधा घर या सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं है मवई मुख्यालय के अंदर एक भी सुविधा घर चालू नहीं है ।वही विकास का ढोल पीटने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए प्रश्न चिन्ह ये है की जनपद मुख्यालय मवई भी स्वच्छता परिसर के तहत शौचालय निर्माण स्थानीय बस स्टेंड में निर्मित किया गया है जिसकी स्वीकृत लागत राशि 3 लाख 44 हजार हैं लगभग साढ़े तीन लाख रुपए से निर्मित शौचालय बस स्टेंड मवई की शोभा बना हुआ है जिसमे वर्षो से ताला लटका हुआ है जिसका आम जन को लाभ आज तक नही मिल पाया बाहर से आए यात्री या अन्य व्यक्ति को शौचालय की आवश्यकता पड़ जाए तो मवई से 2 किमी बाहर जाना पड़ता है ऐसे में महिलाओं को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ये हाल है जनपद मुख्याल मवई के है। जहा सारे विभाग के कार्यालय है जहा स्वच्छता का राग सम्पूर्ण विकास खंड में अलापने वाले जिम्मेदार अधिकारी बैठते है उस मुख्यालय मवई के हाल ये है तो आस पास दूरस्थ क्षेत्रों के क्या हाल होंगे।

### महिलाओं के सम्मान और सुविधा का नही इंतजाम

52 पंचायतों के मुख्यालय मवई स्थानीय बस स्टेंड में महिलाओं के सुविधा एवम सम्मान का ख्याल नही रखा जा रहा एक तरफ शासन जहा स्वच्छता का राग अलाप रही है साथ ही महिलाओं को सम्मान एवम सुविधा की बात कर रही वही जनपद मुख्यालय मवई में महिलाओं के लिए एक भी सर्वजनिक शौचालय नही पुरुष तो कही भी का सकता है लेकिन महिलाओं को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है आस पास क्षेत्र से आने वाली महिलाओं को नित्य इस समस्या से मवई मुख्यालय में गुजरना पड़ता है वही शासन मूक दर्शक बना बैठा हुआ है साढ़े तीन लाख खर्च होने के बाद भी शौचालय अपूर्ण ये मवई क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी एवम क्षेत्रीय जनप्रती निधियों के लिए दुर्भाग्य की बात है।

### शौचालय को धरोहर बनाने की तैयारी में मवई ग्राम पंचायत

स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगभग 2 से 3 वर्ष पूर्व 3 लाख 40 हजार रुपए की लागत से तैयार सामुदायिक स्वच्छता परिसर का उपयोग आज 3 वर्ष बाद भी आम जन के लिए प्रारंभ नही हो सका पुरुष जैसे भी हो लेकिन महिलाओं को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जनपद मुखायल होने के बावजूद शासन की योजना से लाखो खर्च कर शौचालय बना दिया गया किंतु आज तक प्रारंभ नही हो सका है जबकि जनपद पंचायत कार्यलय भी मवई में और पंचायत विभाग के सारे आला अधिकारी का कार्यलय मवई में किंतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मवई को न ही स्वच्छ भारत मिशन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को दिख रही मवई की दूर दशा सारे जिम्मेदार आला अधिकारी भी मुक दर्शक बनकर बैठे है इस विषय में जब स्थानीय जनों से बात की गई तो लोगो का कहना है बार बार जनपद और ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों से बोला लाखो की लागत से तैयार शौचालय का उपयोग आम जनों के लिए प्रारंभ करने को कहा गया किंतु किसी से सकारात्मक प्रयास सक्षम जिम्मेदारों द्वारा नही किया गया तो आम जन से संभावना जताई है शायद ग्राम पंचायत मवई द्वारा साढ़े तीन लाख रुपए की लागत से बने इस आलीशान शौचालय को नगर की अमिट धरोहर घोषित कर केवल देखने लिए रखेगी और बाहर से आने वाले राहगीर, यात्रियों को दिखाएगी की यह है साढ़े तीन लाख में बना मवई का शौचालय है।

### मूकदर्शक बने मुख्य कार्यपालन अधिकारी

मवई जनपद मैं आए दिन घोटाले और लापरवाही की कारनामे उजागर होने के बाद भी मुख्यकार्यपालन अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है। जिससे अधिकारियों कर्मचारियों को खुलेआम घोटाले और जनता के कामों मैं लापरवाही बरतने का खुलेआम संरक्षण मिल रहा है।वही शिकायत के बाद भी आमजन के समस्या से ना तो जनपद मैं बैठे आलाधिकारियों को कोई मतलब है ना ही जिले मैं बैठे अधिकारियों को। जिससे लोगो मैं खासी नाराजगी देखी जा रही है।वही लोगो के द्वारा शौचालय को जल्द से जल्द आमजन की सुविधा के लिए चालू करने एवम मूकदर्शक बने मुख्यपालन अधिकारी को हटाने की मांग की जा रही है।

## विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़, समय में नहीं पहुंच रहे शिक्षक



*** नैनपुर के शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की मनमानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर

नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है लेकिन स्कूलो में शैक्षणिक गतिविधियां शून्य हो गई। नैनपुर विकासखंड के अंतर्गत अधिकतम शासकीय विद्यालय नवीन उमा विद्यालय निवारी, उत्कृष्ट उमा विद्यालय नैनपुर, कन्या उमा विद्यालय नैनपुर, कस्तूरबा कन्या शाला नैनपुर,नवीन प्राथमिक विद्यालय नैनपुर, शा प्राथमिक शाला इटका,शास प्राथमिक निवारी एवं आसपास शासकीय विद्यालयों में गतिविधियां अनियमित है।

यहां पदस्थ शिक्षको पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिसद के द्वारा आरोप लगाया है कि शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक निजी कार्यों व्यस्त है। इसके अलावा मुख्यालय में न रहते हुए प्रतिदिन अप डाउन कर रहे है। इस वजह से विद्यालय में समय से उपस्थित नहीं हो रहे है। इसके चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। साल भर के बाद परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं आते है।

इस विषय की जानकारी संबंधित विद्यालयो के प्राचार्य को परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा कई बार दी गई लेकिन आज तक संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। बताया गया कि विद्यालय के प्राचार्य भी उपस्थित नही होते है, वहीं कुछ शिक्षक राजनीतिक व अधिकारियों की सह पर मनमानी कर रहे है। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि ऐसे शिक्षकों को सह देकर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसके विरुद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई नैनपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी नैनपुर को प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपेंगे। 01 जुलाई से पहले इस समस्या का निराकरण नही होता तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी।

### भीमडोंगरी विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



**भुआबिछिया।** ''स्कूल चले हम अभियान'' अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीम डोंगरी में छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया ,साथ ही नए सत्र के लिए पुस्तको का निशुल्क वितरण किया गया,विद्यालय में अच्छा परीक्षा परिणाम के लिए पी. के. पटेल प्रचार्य एवं समस्त शिक्षको को कमलेश तेकाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत मण्डला एवं अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, समस्त मंचासीन जनप्रतिनिधियों ने शाला सामग्री देकर सम्मानित किया। वही दिव्यांग छात्रा द्रोपती को 5000 रुपये नगद देकर आर्थिक सहयोग प्रदान कर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर शाला प्रबधन समिति के सदस्य गण क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, पी के पटेल प्राचार्य, छात्र छात्रा मौजूद रहे।

## हत्या के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

*** न्यायालय में पेश कर भेजा जिला जेल मंडला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



थाना मोतीनाला क्षेत्र अंतर्गत एक आरोपी वर्ष 2016 के हत्या मामले में फरार चल रहा था। इस स्थायी वारंटी को थाना मोतीनाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार मोतीनाला थाना के तहत हत्या के मामले में एक व्यक्ति करीब आठ वर्ष से फरार चल रहा था। आरोपी पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज था। फरार स्थाई वारंटी जेठू बैगा पिता भानु बेगा निवासी ग्राम लुरी थाना मोतीनाला के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। आरोपी को थाना मोतीनाला पुलिस द्वारा 18 जून को गिरफ्तार कर अतिरिक्त सत्र न्यायालय मंडला में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटी का जेल वारंट जारी किया गया है। जिसे जिला जेल मंडला में दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक फागूलाल तेकाम, आरक्षक राहुल धुर्वे का स्थाई वारंट तामील करने में योगदान रहा।

## बलात्कार का आरोपी प्रशासन की गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



बीती 4 जून को एक युवती ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कर मनेरी निवासी जनपद उपाध्यक्ष निवास घनश्याम सूर्यवंशी के ऊपर शादी का झांसा देकर पिछले दो सालों से दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया था, तभी से आरोपी फरार बताया जा रहा है।

बलात्कार जैसे गंभीर मामले पर पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी की खोजबीन में लापरवाही का आरोप लगाते हुये सर्व आदिवासी समाज द्वारा अब तक दो बार ज्ञापन देकर आरोपी की गिरफ्तारी कर पीड़िता को न्याय प्रदान करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन दो सप्ताह से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज सर्व आदिवासी समाज द्वारा तीसरी बार अनुविभागीय अधिकारी निवास को ज्ञापन सौपकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है, ज्ञापन के समय उपस्थित लोगों ने कहा कि अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो हम मुख्यालय निवास में उग्र धरना प्रदर्शन करने मजबूर होंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।



### नव प्रवेशित छात्राओं को पाठ्य पुस्तक का वितरण



**भुआबिछिया।** मंगलवार को शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में शासन के निर्देशानुसार प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के तेल चित्र का पूजन उपरांत कार्यक्रम में अभिभावकों एवं पूर्व छात्राओं का सम्मान किया गया। नव प्रवेशित छात्राओं को पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य वीरेंद्र परतेती एवं शिक्षकों के द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

**प्रवेशोत्सव** | **विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में शिक्षक अहम भूमिका निभाएं-डॉ. सिडाना।**

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर

*** शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे दुनिया का बदला जा सकता है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवगाँव एवं शासकीय कन्या हाईस्कूल मोहगांव में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। डॉ. सिडाना ने उपस्थित विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित शाला आने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में शिक्षक अहम भूमिका निभाएं। पालक शिक्षक संघ के सदस्यों का सहयोग प्राप्त करते हुए शालाओं में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. सिडाना ने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक का वितरण भी किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गतसिंह भवेदी, जिला पंचायत सदस्य शिव पूसाम, जनपद सदस्य शिवकुमार मिश्रा, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, क्षमा सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि दृढ़संकल्प के साथ की गई मेहनत निश्चित रूप से सफलता प्रदान करती है। अच्छे परिणाम भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षा ही वह माध्यम है जो जीवन में सफलता के द्वार खोलती है। शिक्षा का अन्य कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने बच्चों से आव्हान किया कि वे स्वयं नियमित रूप से स्कूल आएं तथा अपने साथियों को भी साथ में लेकर आएं। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से शाला में उपस्थित रहें तथा अपने विषय आधारित अध्यापन कार्य समय पर पूर्ण करें। विद्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए शैक्षिक वातावरण तैयार करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उनकी कक्षा के अनुसार दक्षताएं अर्जित कराना शिक्षकों की जिम्मेदारी है।

### शास. रानी अवंती बाई कन्या उच्च. माध्य. विद्या. में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

म.प्र. राज्य शासन की अभिनव पहल पूरे म.प्र. में आरंभ की गई पहल है, शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढाना, तथा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का उदय अर्थात अन्तयोदय। इसी कार्यक्रम में जिले के सबसे प्राचीन शिक्षा के लिए समर्पित विद्यालय शासकीय रानी अवंती बाई कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डला में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम ने अपनी उपस्थित से विद्यालय परिवार को गौरवांवित किया। कार्यक्रम का आगाज विद्या, बुद्धि, संगीत की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का आहवान किया गया, तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जयलक्ष्मी सोनी ने कार्यक्रम की उपयोगिता प्रकाश डाला। एस.एम.डी.सी की सक्रिय सदस्य पूर्व पार्षद विभिन्न संगठनों से जुडी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने छात्राओं का स्वागत करते हुए प्रतिदिन स्कूल आने की नसीहत दी। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए डॉ. संजय कुशराम ने छात्राओं से कहा यदि आपको आगे बढना है तों गुलामी की मानसिकता से ऊपर उठना होगा तथा भारत का भविष्य बहुत उज्जवल है यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर औद्योगीकरण चिकित्सा, शिक्षा अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों में रोजगार की अपार संभावनाएं है। भारत में विश्वस्तरीय काम बहुत तेजी से हो रहे है। रेल्वे का विस्तारीकरण से लेकर हवाई अड्डों तक विस्तार स्पेस रिसर्च तक में काम की अनंत संभावनाएं है। जरूरत है बस आपके दृढ निश्चय की। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे दुनिया का बदला जा सकता है, साथ ही उन्होनें ने छात्राओं को सायबर क्राइम एवं आधुनिक तकनीक में मोबाईल का उपयोग बहुत सजग होकर करने की सीख दी। कार्यक्रम सचालन एवं संयोजन स्नेहल जोशी का आभार प्रदर्शन श्रीमती नीलम शर्मा ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शरीर को निरोगी और तंदुरुस्त रखने के लिए योग प्राणायाम है आवश्यक

*** संत निरंकारी भवन में चल रहा पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शरीर को निरोगी और स्वस्थ रखने के लिए योग की महत्वता को हर जागरूक नागरिक समझता है, इसीलिए दिन प्रतिदिन लोगों में योग प्राणायाम के प्रति रुझान बढ़ता जा रहा है, इसी तारतम्य में संत निरंकारी भवन बिंझिया में पांच दिवसीय 17 से 21 जून तक योग शिविर चल रहा है, जो कि सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित है,इसमें पतंजलि योग समिति के योग शिक्षक सुनील बाली, रामगोपाल पटैल, राजेंद्र उपाध्याय के द्वारा नागरिकों को विभिन्न योग आसन कराए जा रहे हैं, इसमें सेतुबंध आसन, भुजंग आसन, ऊष्ट आसान, शषक आसान, भद्रासन, ताड़ासन के साथ हाथ एवं पैरों के सूक्ष्म व्यायाम भी कराए जा रहे हैं, योग क्रियाओं के अंतर्गत अनुलोम विलोम, कपालभाति, शीतकारी, भ्रामरी क्रिया कराई जा रही है,इसमें लोगों से नियमित योग प्राणायाम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे शरीर की विभिन्न बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है, इस शिविर में लोगों को योग संबंधी मार्गदर्शन देने में पतंजलि योग समिति से राकेश गुप्ता, संपत श्रीवास, विनोद पटैल, सीके वैष्णव, अरविंद ज्योतिषी, रवि शुक्ला, सुनील सराफ एवं रजनी शुक्ला का सहयोग रहा, आयोजित शिविर में संत निरंकारी मंडल के सदस्य एवं योग साधक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जप्त की गई अवैध शराब

गाडरवारा। पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये लगतार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में शंकर लाल पिता मनीराम कहार निवासी छिडाव घाट के पास से पुलिस ने 3 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से नगर के मनघट मुहल्ला में इटारसी निवासी एक महिला के पास से 5 लीटर कच्छी महुआ की शराब करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### ताश पत्ता पर हार जीत का दांव लगाते हुये लगे पुलिस के हाथ

गाडररवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा नगर की गल्ला मंडी टीन शेट के नीचे जुंआ खेल रहे भगवानदास पिता आनंदी धानक निवासी बोदरी, राम सहाय पिता प्यारे लाल रैकवार निवासी सिद्वार्थ होटल के पास, लखन पिता मान सिंह कहार निवासी डोला बाबा को पकड़ते हुये आरोपियों के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 330 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से एक अन्य दूसरे स्थान पर भूरा पिता किशौरी लाल नौरिया निवासी एम पी ई बी कालोनी, नीलेश पिता मथुरा प्रसाद खंगार निवासी ग्राम चामचौन, परषोत्तम पिता दौलत चौधरी निवासी जगदीश वार्ड के पास से 310 रूपया तो भूरा पिता चूनामन कहार डोला बाबा, धर्मदास पिता मुंशी लाल वर्मा निवासी आमगांव छोटा, परसु पिता अन्नी लाल कहार निवासी बोदरी के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 280 रूपया तो भागीरथ पिता राम कहार निवासी विवेकानंद वार्ड, गोविंद पिता वीरेन्द्र जाटव राजीव वार्ड, संजू पिता माखन लाल कहार डोला बाबा के पास से 300 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुंआ एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

### महिला के साथ की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मारेगांव निवासी एक महिला द्वारा पुलिस ििाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जमीन की बात को लेकर उसे ग्राम निवासी सुरेश यादव, राहुल तथा एक महिला द्वारा एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई तथा जब प्रार्थिया के पति बीच बचाव करने आये तो तीनों लोगों द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही दूसरे पक्ष की ओर से भी एक महिला द्वारा पुलिस ििाने में की गई शिकायत के चलते अनिल यादव पर मारपीट कर आरोप लगाये जाने पर पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### लाठी मारकर किया घायल

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुयेदिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बसुरिया निवासी प्रमोद पिता धन्ना लाल अहिरवार उम्र 32 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वही के निवासी हल्के उर्फ भूरा पिता मुन्नालाल अहिरवार द्वारा मेरे ईंट के भट्टा में मोहल्ले का प्रदीप अहिरवार करीब 01 माह से काम कर रहा है हल्के उर्फ भूरा अहिरवार मेरे घर लाठी लेकर आया बोला कि प्रदीप अहिरवार ने मेरा नुकसान किया है तू इसे अपने ईंट भट्टा के काम से बंद कर और इसी बात को लेकर मुझे गंदी गंदी गालियां देने लगा मैंने गालियां देने से मना किया तो हल्के अहिरवार ने अपने पास रखी लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### मोटर साईकिल की टक्कर से पहुंची चोट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बोहानी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि विजय अहिरवार उनकी मोटर साईकिल जिसका रजिस्ट्रेशन क्र. MP20-NV-1037 से तथा मैं अपनी मोटर साईकिल से रेल्वे स्टेशन की ओर से न्यायालय गाडरवारा की ओर आ रहे थें तो विजय अहिरवार की मोटर साईकिल मुझसे कुछ दूरी पर थी।

### मात्र चंद घंटे हुई झमाझम बारिश के चलते नगर में अनेक जगह दिखाई पड़ जल भराव के नजारे

# सीजन की पहली बारिश ने खोली नगर में बारिश से निपटने नपा सहित बिजली विभाग द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं की पोल







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। ।जिस तरह इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के चलते लोग हलाकान होते हुये देखे जा रहे थें। वही प्रदेश के अनेक हिस्सों में बारिश होने की खबरे तो पड़ी व सुनी जा रही थी। मगर गाडरवारा क्षेत्र में अभी तक पानी नही गिरने से गर्मी का परा मानो पूर्णरूप से सातवे आसमान पर दिखाई देने से नही चूक रहा था। इस तरह गर्मी से परेशान हो रहे लोगों द्वारा शीघ्र ही बारिश होने का इंतजार किया जा रहा था। इस तरह बारिश सीजन की पहली बारिश मंगलवार के दोपहर बात जिस तरह कुछ मिनिटों के लिये हुई झमाझम बारिश ने जहां नगर पालिका सहित बिजली विभाग द्वारा बारिश से निपटने के लिये की गई व्यवस्थाओं की पोल खोलने में कोई कसर नही छोडी गई है। क्योंकि सीजन की पहली बारिश के चलते नगर में जहां तहां जल भराव के नजारे देखने मिली तो दूसरी बारिश का क्रम शुरू होते हुये बिजली बंद होने के चलते घंटो तक लोगों को अंधरे में रहने के लिये मजबूर होते हुये देखा गया। जबकि देखा जाता था कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने के पहले ही इस प्रकार की व्यवस्थाएं बनाये जाने की सोच रखी जाती है कि बारिश के मौसम में आमजन को परेशान न होना पड़े। मगर इस समय देखा जावे तो बारिश के सीजन की शुरूआत ही हुई है और नगर में अनेक जगहों पर पानी भरने के नजारे दिखाई देने से नगर पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पाई है। क्योंकि नगर के हालत इस तरह से देखने मिल रहे है कि अनेक जगहों पर पानी भरने के कारण जहां लोगों का अपने घरों में पहुंचना मुश्किल होते हुये देखा गया तो दूसरी ओर नगर की सड़को पर लोगों का पैदल चलना मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है। इस तरह बारिश के पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा क्या तैयारी की गई है इसकी सच्चाई पहली बारिश ने ही उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस तरह सीजन की पहली बारिश के चलते नगर की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही थी कि जहां नगर के अनेक वार्डो में लोगों के घरों के अंदर जहां नालियों का पानी भरते हुये दिखाई पड़ रहा था। वही दूसरी ओर मुख्य बाजार का हाल तो इस प्रकार से देखने मिल रहा था कि शायद नगर की सड़क नाले में तब्दील हो चुकी है। नगर की कालोनी व मुहल्ला में नालियों की समय पर सफाई नही होने के कारण बारिश के पानी का सही रूप से बहाव नही हो पा रहा है और लोगों के घुटनों से ऊपर तक पानी भरने के कारण यहां पर लोगों के घरों के अंदर तक पानी भरने से नही चूक पा रहा था। वही दूसरी ओर नगर के अन्य स्थानों पर स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिल रही थी कि लोगों की सड़को पर पानी भरने के कारण लोग अपने घरों से नही निकल पा रहे थें। इस सच्चाईसे यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है कि शायद नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस वर्ष समय रहते हुये नगर की साफ सफाई व्यवस्था की ओर उचित ध्यान नही दिया गया होगा जिसके चलते पहली बारिश ने ही नगर पालिका प्रशासन की व्यवस्थाओं को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि सीजन की यह पहली बारिश थी जिसमें नगर की कालोनियों से लेकर मुहल्ला का हाल बना चुका है तो फिर जब आने वाले दिनों में बारिश का दौर इस प्रकार से लगातार जारी रहेगा उस समय नगर का क्या हाल होगा इस बात का अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है? नगर के अनेक वार्डो में जब पहली बारिश के दौरान ही लोगों के घरों के अंदर नालियों का पानी भरने की सच्चाई उजागर होने से लग रहा है कि इस वर्ष नगरवासियों को नगर पालिका प्रशासन की अव्यस्थाओं से भी जूझने के लिये मजबूर होना पडेगा? इस प्रकार से देखा जावे तो नगर के अनेक वार्डो की स्थिति भी किसी से छिपी नही है, जहां पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष बारिश का दौर शुरू होने के पहले नालियों की सफाई नही होने के कारण जहां वह चोक पड़ी हुई है। इस स्थिति में बगैर बारिश के ही नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहते हुये देखा जा रहा है और बारिश के दौरान यह पानी लोगों के घरो के अंदर पहुंचने से नही चूक पाता है। यदि समय रहते हुये नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चत तौर से आने वाले दिनों में घनघोर बारिश का दौर चलेगा उस दौरान नगर की भयानक स्थिति निर्मित होने से नही बच पायेगी और नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में भरने के कारण अनेक प्रकार की नई बीमारियाँ जन्म लेते हुये देखी जावेगी? कुछ इसी प्रकार का हाल बिजली विभाग की व्यवस्थाओं का भी देखने मि रहा है। क्योंकि बारिश के पूर्व बिजली लाईनों के सुधार कार्य तथा तारों के ऊपर लटकते हुये पेड़ो की डालियों को हटाने के नाम पर कुछ दिनों पहले बिजली विभाग द्वारा निर्धारित समय के लिये विद्युत अपूर्ति बंद करते हुये सुधार कार्य किया गया है। मगर इसके बाद भी बारिश का दौर शुरू होते हुये बिजली बंद होने के बाद कई घंटो तक नही आना निश्चित तौर से बिजली विभाग की उदासीनता या फिर सुधार कार्य के नाम पर मात्र औपचारिकता निभाने का परिणाम प्रतीत होने से नही चूक रहा है। क्योंकि बीते हुये मंगलवार को बारिश के सीजन की पहली बरसात हुई जिसे अभी सही मायने में यह नही कहा जा सकता है कि मानसून आ चुका है। क्योंकि मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार तो अभी मानसून की आमद के लिये कुछ दिनों का और इंतजार किये जाने की बात कही जा रहा है। मगर जिस तरह मंगलवार को दोपहर के बाद प्री- मानसून के रूप में चंद मिनिटों के लिये हुई घनघोर बारिश के चलते कई घंटों तक बिजली बंद रहने के कारण बिजली विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोलते हुये देखी जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब मानसून अपने पूर्ण शबाब पर आकर अपनी आमद देगा जब क्या स्थिति निर्मित होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

## अनुविभागीय अधिकारी ने किया पाली स्कूल में प्रवेशोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नये शिक्षा सत्र की शुरूआत को लेकर प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा आदेश दिये गये थें कि प्रवेश उत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जावे। इसी के चलते बीते हुये मंगलवार को क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती कलावती ब्यारे शामिल हुई। इस दौरान उनके स्कूल में आगमन पर शाला के प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्दिकी , प्राथमिक शिक्षक ब्रजेश श्रीवास एवं बच्चों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती ब्यारे ने बच्चों को एक साथ गणवेश में देखकर उनका तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तकों ,स्लेट, पेंसिल, टॉफी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण शाला परिवेश को देखकर अतिप्रसन्नता जाहिर करते हुए अपने उदबोधन में कहा कि यहाँ का माहौल पढ़ाई के प्रति है। यहां शाला के शिक्षकों ने बेहतर ढंग से शाला का प्रबंधन कर बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई है। बताया जाता है कि उन्होंने कहा कि जल्द ही कलेक्टर मैडम का दौरा यहाँ कराया जाएगा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम के अंत मे एसडीएम श्रीमती ब्यारे ने उपस्थित जनों एवं बच्चों के साथ पीएम पोषण योजना के तहत विशेष मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया । इस अवसर पर बीआरसी संदीप स्थापक, बीएसी योगेन्द्र झारिया, ग्राम सरपंच अजय दिवेदी ,जितेंद्र राजपूत ,अनिल धानक, अरविंद बोहरे एवं एमडीएम रसोइया भी मौजूद रहे। इसी प्रकार से नगर के राजेंद्र बाबू वार्ड की शासकीय प्राथमिक शाला इमलिया में वार्ड पार्षद व पूर्व नपा उपाध्यक्ष कमल खटीक एवं वरिष्ठ जन की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया । इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये खटीक ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों के शिक्षा स्तर में सुधार लाने के लिये भाजपा सरकारद्वारा जिस तरह से बच्चों का सहयोग किया जा रहा है उसके चलते बच्चे अब पढ़ाई को लेकर अपने माँ बाप के ऊपर बोझ नही है। क्योंकि सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को निः शुल्क पुस्तकों से लेकर ड्रेस, भोजन तथा आने जाने के लिये साईकिले तक प्रदान की जा रह है। वही दूसरी ओर सरकारी स्कूलों में शिक्षा की पद्वति में सुधार लाया जा रहा है। इस तरह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान अजय कौरव, वरिष्ठ समाज सेवी प्रहलाद कौरव, मुकेश शर्मा, एडवोकेट अरविंद कौरव, रोहताज शर्मा, मुन्ना पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## सिहोरा से बरमान घाट तक सरे भरते हुये गया नर्मदा भक्तों का जत्था



हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। कहा जाता है कि जो भी वक्त माँ नर्मदाजी के समक्ष अपनी मनोकाना लेकर जाता है तो खाली हाथ कभी नही लौटता है। इसी का परिणाम है कि लोगों द्वारा बडी ही आस्था के साथ जहां हर पूर्णिमा को जहा भारी मात्रा में पैदल जाते हुये देखा जाता है। कुछ भक्त इस तरह के भी होते है जो पूर्णरूप से दंडवत स्थिति यानि की सरे भरते हुये जाते हुये भी देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस ग्राम सिहोरा निवासी कैलाश साहू,गोविंद पटेल व चंद्रकांत शर्मा सिहोरा से माँ नर्मदाजी के बरमान घाट तक सरें भरते हुये पहुंचे। बताया जाता है कि ग्राम के धार्मिक स्थल से दंड वत सरें भरते श्रद्धालु आगे बढ़े,तेज गर्मी के बाद भी इन भक्तों में काफी उत्साह देखने मिला और सूरज की तेज तपन माँ नर्मदा के प्रति इन भक्तों की श्रद्वा को रोकने में असफल होते हुये देखी गई। हर हर नर्मदे के जयकारे लगाते हुए भक्त ब्राम्हण घाट पहुंचे जहां पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं का ग्राम दुधवारा, अजंसरा,खुलरी सहित मार्ग में पड़ने वाले गांवों में अनेक जगह फूल माला व नारियल भेंट करते हुये स्वागत किया गया।

## नगर का पुराने जनपद भवन में लगे हुये कचरे के अम्बार से उठने वाली बदबू से लोगों का सांस लेना हो रहा दूभर

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय सिर्फ शहर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में शासन द्वारा अपनी राशि खर्च मरते हुए जिस प्रकार से भवनों का निमार्ण कार्य कराया जा रहा है उसके चलते लगातार देखा जा रहा है कि अब हर गांव में शासकीय भवन दिखाई दे रहे है। मगर वही दूसरी ओर यदि नगर में शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से शासकीय राशि के विभिन्न मदों से नगर में भवनों निर्माण हुआ है उसके चलते स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि अब शासकीय भवनों की गिनती करना भी मुश्किल होने लगा है जिसका परिणाम है कि अनेक भवन तो इस प्रकार से दिखाई दे रहे है कि शासन द्वारा उन भवनों के निर्माण को लेकर जिस उद्वेश्य से राशि खर्च की गई है उन भवनों में शायद ही अतिथियों द्वारा फीता काटने के बाद नगर के किसी व्यक्ति द्वारा उपयोग किया गया हो? वही दूसरी ओर नगर में वर्षो पुराने भवन जिस प्रकार से खंडहर होते हुए दिखाई दे रहे है उन्हें देखकर अनुमान लग रहा है कि यदि सरकार द्वारा नगर में करोड़ो की राशि खर्च करते हुए जिस तरह से भवनों का निर्माण कराया गया है जो आम लोगों के अनुपयोगी साबित होकर रहे गये है। यदि वही राशि खर्च करते हुए खंडहर हो रहे इन सरकारी भवनों में लगाई गई होती तो निश्चित ही इन भवनों की सूरत बदलने में देरी नही लगती और आमजन के लिए काफी हद तक उपयोगी भी साबित हो सकते थें? मगर इन भवनों की ओर न तो प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही जिम्मेदार माने जाने वाले जन सेवको द्वारा जिसके चलते यह शासकीय भवन लगातार बेहाल स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के पलोटन गंज मे स्थित पुराने जनपद भवन की देखने मिल रही है जो खंडहर मे तब्दील हो रही इमारत की शोचनीय दशाा पेश करने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि शासन की इस बहुमूल्य जमीन पर बने उक्त विशाल भवनों की सुन्दर बनावट, इनमे लगें रोशन दान, प्रयुक्त की गयी सागौन की लकड़ी पर बरबस आज भी शहरवासियों का ध्यान जाता है तो वे लोग इनके मालिक शासन प्रशासन को कौसे बिना नही रहते है। क्योंकि अपने अतीत पर ऑसू बहा रहे जनपद पंचायत भवन मे वर्षो जनपद पंचायत का कार्यालय रहा है बाद मे सभी काम काज विकासखंड सांईखेड़ा के तहत होने की स्थिति मे उक्त भवन पर ताले लग गए थें जो जनपद भवन विकास खंड सांईखेड़ा के आधिपत्य मे है। परन्तु जर्जर होते चले जाने के बावजूद इस भवन के जीर्णोद्धार के सार्थक प्रयास नही किए जाने का परिणाम है कि यह भवन अब पूर्णरूप से कचरा खाना बन जाने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के लिये बीमारियों का आमंत्रण देते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि इस भवन में लगे हुये कचरे के अम्बार का हाल यह बन चुका है कि वह बदबू मारने के साथ साथ उसमें जहरीले जीव जन्तु भी जन्म लेते हुये दिखाई देने लगे है। इस प्रकार से गंदगी के चलते उठने वाली बदबू के चलते इस मार्ग से निकलने वाले आम लोगों के साथ साथ यहां पर रहने वाले लोगों का सांस लेना भी मुश्किल होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस भवन का कोई धनीधोरी न होने की स्थिति के चलते जहां लोगों द्वारा इस भवन को पेशाब घर के रूप में उपयोग किये जाने के कारण गंदगी का अम्बार लगने के कारण बदबू मारने से नही चूक रहा है। मगर इसके बाद भी इस खंडहर हो चुके भवन की ओर न तो जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कभी सफाई कराई जाती है और न ही उसकी सुरक्षा के इंतजाम किये जाते है। इस स्थिति में शासकीय संपत्ति पूर्णरूप से भगवान भरोसे ही दिखाई देने लगी है।

## रेल यात्री संघर्ष समिति की पहल रंग लाई समस्या के समाधान को लेकर हुई चर्चा




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा । रेल समस्याओं को लेकर बीते हुये दिवस बैठक संपन्न की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान के लिए कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया। क्योंकि कोरोना काल के पहले से शटल ट्रेन बंद बीना एक्सप्रेस बार-बार रद्द किए जाने के विरोध में रेल यात्री संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन रेलवे स्टेशन के पास समाज सेवी रवि शेखर जायसवाल के शोरूम में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले के मुख्यआतिथ्य एवं समाजसेवी केंद्र सिंह राजपूत तथा रवि शेखर जायसवाल, उमेश नीरस, देवेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, जय पाठक, धर्मेंद्र खजांची की अध्यक्षता एवं शिव कुमार नीखरा के विशेष आदित्य में संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए बंद चल रहे शटल फास्ट पैसेंजर को पुनः चलाने की बात पर जोर दिया गया। वही रेलवे द्वारा अपनी मनमर्जी से विंध्याचल एक्सप्रेस 16 जून से निरस्त किये जाने तथा आये दिन निरस्त किये जाने की बात को लेकर चर्चा की गई। इस तरह रेल यात्री संघर्ष समिति एवं सोशल मीडिया की पहल रंग लाई बीना जंक्शन के पास नॉन इंटर कॉलिंग कार्य के कारण विंध्याचल एक्सप्रेस एक माह की निरस्त की गई जहां सटल एवं फास्ट ट्रेन बिना नोटिफिकेशन की बंद सात डब्बो की मेमो ट्रेन चलाई जा रही है हजारों की तादाद में यात्री भेड़ बकरियों की तरह स्लीपर डिब्बे हटाकर ए सी बोगी जर्नल डिब्बा गायबं करना जबलपुर इटारसी रेलवे जंक्शन के बीच 50हजार ग्राम यात्रीगण व्यापारी वर्ग दुकानदार ऑटो चालकों में जन आक्रोश इन सब को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जबलपुर डीआरएम को एक ज्ञापन प्रेषित करेगा। समाचार पत्र इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहयोग से रेलवे द्वारा यह देखते हुए बीना ट्रेन को लेकर अपना फैसला बदलना पड़ा। निरस्त की गई विंध्याचल एक्सप्रेस यथावत चलाई जा रही है सोशल मीडिया एवं रेल यात्री संघर्ष समिति की पहल रंग लाई और प्रयास सफल हुआ।

## नाबालिग हो रहे शिक्षा से वंचित, सरकार की योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह?




हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। क्षेत्र के आदिवासी समुदाय की स्थिति दिन ब दिन बद्तर होती जा रही है, जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा इनके उत्थान के लिए चलाए जा रहे सभी नियम कानून कागजो में सिमटते नजर आ रहे है? इस बात की सच्चाई उजागर कर रहे है वे नाबालिग जो प्रतिदिन यहां पर लकड़ी का गट्ठा लेकर बेचने आते है, सूत्रो की माने तो तहसील मुख्यालय के आसपास के क्षेत्रो से ये बालक अपने परिवार वालो के साथ प्रतिदिन अपने बजन से अधिक वजन का गट्ठा लेकर अपनी मजबूरी को बयां करते देखे जा सकते है। इसे मजबूरी ही कहा जाएगा? क्योकि कौन मॉ बाप चाहता है कि उनके बच्चे बच्चियॉ लकड़ी का गट्ठा ढोएं? ऐसा नही है कि यह बात किसी से छुपी है, इसे तो प्रशासन के सभी आला अफसर भी देखते है। चाहे गर्मी का मौसम हो या कड़ाके की ठंड, लेकिन परिवार की आर्थिक समस्या या यूं कहे कि दो वक्त की रोटी इन बच्चो को सड़क में लकडी का गट्ठा लेकर खड़ा होने के लिए मजबूर कर देती है? पेट के भूखे, पैरो में बिना चप्पल जूते के, फटेहाल कपड़े पहने हुए इन बच्चो की हालत को देखने पर ही प्रशासन की योजनाओं में हो रहा गोलमाल सामने आ जाता है? कि जिस क्षेत्र में यह बच्चे निवास करते है वहां के स्कूलों में इन बच्चों को उपस्थिति तो प्रतिदिन लग रही ही होगी? मगर इसके बाद भी यह बच्चे शहर में लकड़ी बेचते नजर आते है, आखिर इन बच्चों के नाम पर उन संस्थाओं को भोजन व अन्य सुविधाएं ले कौन रहा है? उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा छात्र छात्राओं को शिक्षा दिलाने संबंधी तरह तरह की योजनाएं चलाई जा रही है, मगर इन नाबालिगों की दशा देखकर नही लगता कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सही रूप में नही किया जा रहा है? लकड़ी ढोने के लिए मजबूर ये बच्चे अपने बचपन को दांव पर लगाते हुए अपना और अपने परिवार के भरण पोषण के लिए हाथ बंटा रहे है, वही इनकी खबर लेने वाला शायद कोई नही है क्योकि यह बात नई नही है, और इस प्रकार से मासूम बच्चे अपने सिरों पर लकड़ी रखे शहरों में आसानी से देखे भी जा सकते है? शायद प्रशासन को इन बालको की मजबूरी का अंदाजा नही है इन बालको की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह लकड़ी ढोने का अनवरत सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा, इसे रोका जाना चाहिए।

### पॉच साल में खत्म हो गए हजारों हरे पेड़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रदेश सरकार हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर, क्षेत्र के गांवो में छायादार,फलदार वृक्षो का रोपण करने लोगो को प्रोत्साहित करते है किंतु वृक्षारोपण अभियानो के दौरान हर वर्ष लगाए गए अधिकांश वृक्ष रख रखाव के अभाव में या तो सूख जाते है या फिर जानवरो द्वारा नष्ट कर दिए जाते है। सूत्रो के अनुसार पिछले पॉच साल में शहर व क्षेत्र के गांवो में लगाये गए हजारो पेड़ लोगों की असावधानी से ठूॅठ में तब्दील हो चुके है तथा हजारो रूपया खर्च करते हुए पंचायतों में चलाया गया हरियाली महात्सव का क्या हाल यह बात किसी से छीपी हुई नही है, आज यदि उन पौधों को देखा जावे तो ट्री गार्ड में पेडो की जगह मात्र गाजर घास ही नजर आ रही है, जिससे पौधारोपण के अभियानो के महत्व पर सवालिया निशान लग रहा है। बताया जाता है कि शहर की शैक्षणिक संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयो के इर्दगिर्द पूर्व में नेताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने आम, नीम, गुलमुहार, फूलो के जो पौधे लगाए थे,उनको खाद,पानी की व्यवस्था न होने से वे सूख गए है तथा उनमें लगाए गए ट्री गार्ड कबाड़ी की दुकानो पर पड़े दिखायी पड़ रहे है। विदित हो कि क्षेत्र में वन विभाग की ओर से शासन के निर्देशानुसार बीते हुए वर्षो में 40 हजार पौधो का रोपण जंगल क्षेत्र में कराया था तथा शिक्षा संस्थाओं के परिसरो में बड़ी संस्था में पौधारोपण किया गया था, लेकिन विडम्बना की बात है कि शालाओं में रोपे गए पौधो की सुरक्षा में कोताही बरती जा रही है, जिससे हरियाली बिखेरने वाले ये पौधे असमय सूखते चले जा रहे है, शहरवासियो ने विभिन्न शालाओं के प्राचार्यो से शालाओं के परिसरो में रोपे गए पौधो को सलामत रखने की व्यवस्थाएँ करने की गुहार लगायी है।

## खबर संक्षेप

### पीएम पोषण शक्ति योजना प्रभारी सीएस सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी



**डिंडौरी।** भारत सरकार द्वारा पीएम पोषण कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित (एमआईएस) पोर्टल पर नियत समय में मर्ज एवं बंद शालाओ को हटाने एवं नवीन शालाओ को जोड़ने के संबंध में निर्देश की अवेहलना करने पर प्रभारी अधिकारी पीएम पोषण योजना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में उल्लेखित किया गया है की प्रभारी अधिकारी चंद्र शेखर सिंह द्वारा विगत समय में आयोजित वीडियो कांफ्रेंस, गूगल मीट एवं राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण एवं मीटिंग तथा पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया था एमआईएस पोर्टल पर मर्ज एवं बंद शालाओ को हटाने नवीन शालाओ को जोड़ा जाये, परंतु प्रभारी अधिकारी पीएम पोषण योजना, जिला पंचायत डिंडोरी, चंद्रशेखर सिंह के द्वारा मर्ज एवं बंद शालाओ को हटाने एवं नवीन शालाओ को जोड़ने की प्रक्रिया अभी तक नहीं की गई है। प्रभारी अधिकारी चंद्रशेखर सिंह के द्वारा पीएम पोषण योजना के महत्वपूर्ण विषयों पर रुचि नहीं ली जा रही है, पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है की तत्काल उपरोक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण कर अपना स्पष्टीकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के माध्यम से दिनांक 18.06.24 तक परिषद को अनिवार्यता भिजवाना सुनिश्चित करे, वही स्पष्टीकरण का जवाब समय सीमा एवं संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर चंद्रशेखर के विरुद्ध नियमानुसार एक तरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात कही है। राज्य समन्वयक ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया है।

### बिना जुताई भी अब कृषि संभव, हैप्पी सीडर बनी वरदान

**डिंडौरी।** कृषकों के कृषि लागत को कम कर उनकी आय बढ़ाने हेतु विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसी तर्ज में जलवायु अनुकूल कृषि करने हेतु बीसा बोरलॉग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया द्वारा जीरो टिलेज खेती हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में पहली बार कृषकों द्वारा जीरो टिलेज (बिना जुताई के खेती) कृषि धान एवं मक्का में हैप्पी सीडर यंत्र के माध्यम से की जा रही है। जिले के विकासखंड शाहपुरा में 16.06.24 को कृषि विभाग और बीसा के संयुक्त प्रयास से धान की बोनी हैप्पी सीडर मशीन से बिना परली जलाए 6-8 बतम में की गई जो की कृषकों को निशुल्क प्रदाय किया गया है। इसमें एक बतम में 10 किग्रा बीज लगता है एवं 1 से 1.15 घंटे में एक एकड में बुवाई हो जाती है। सीधी बोनी करने से पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व और लाभदायक जीवाणु भूमि में ही संरक्षित होता है। बचे हुए फसल अवशेष मल्च का काम करते है जिस से वाष्पोत्सर्जन से होने वाली जल हानि को रुक जाती है और कम पानी में फसल तैयार हो जाती है। परली के मिट्टी में मिल जाने से भूमि में पर्याप्त मात्रा में कार्बनिक पदार्थ बढ़ते है साथ ही मिट्टी के गुणों में सुधार होता है जो आने फसलों के लिए लाभदायक है। आने वाली फसल में रोटावेटर नही चलाना पड़ता। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग एवं बीसा के अधिकारी एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

### जिले में 8.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 8.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र कोतमा में 9 मिमी तथा बिजुरी में 55.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर, जैतहरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ़, अमरकंटक तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति

## जिला मुख्यालय में सुरक्षा की कडी व्यवस्था, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि रहेंगे मौजूद

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रातः 11 बजे चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति धनखड़ भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से सुबह 9.55 बजे दिल्ली से डुमना एयरपोर्ट पहुचेंगे और हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 10.55 बजे डिंडौरी हेलीपेड पहुचेंगे।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



हेलीपेड से शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय पहुंचकर 11 बजे विश्व सिकल सेल दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल मंगू भाई पटेल के आगमन के मद्देनजर जिला मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर ली गई है और नगर को छाबनी में तब्दील कर दिया गया है। मंगलवार सुबह 5 बजे से कार्यक्रम सम्पन्न होने तक नगर में छोटे बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया। उपराष्ट्रपति और राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री सहित अन्य व्ही आई पी के आगमन के मद्देनजर सात एसपी और एएसपी स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। जिनके मार्गदर्शन में 30 डीएसपी लेवल के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की कमान सम्हालेंगे। वहीं हेलीपेड से लेकर कार्यक्रम स्थल पर कानून व्यवस्था हेतु एक हजार जवानों को भी तैनात किया गया है। व्ही आई पी मूवमेंट के चलते 800 से अधिक की संख्या में अन्य जिलों से सुरक्षा बल बुलवाया गया है। इस पूरी तैयारी में एसपीजी से लेकर होमगार्ड तक की जिम्मेदारी तय की गई है। उपराष्ट्रपति के आगमन के पूर्व तैयारियां करते हुऐ पुलिस लाइन मैदान में वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने उड़ान रिहर्सल की, वहीं हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक आने जाने की रिहर्सल को भी अंजाम दिया गया है। इस दौरान एसपी वाहिनी सिंह ने मंच, व्ही आईपी सुरक्षा घेरा, विशिष्ट अथितियों की बैठक, प्रवेश मार्ग, महिलाओं एवं बच्चों हेतु पृथक बैठक, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने व्ही आई पी रुट पर आवागमन की समीक्षा करते हुऐ हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक यातायात व्यवस्था हेतु बेरीकेट्स लगाने के निर्देश भी दिये। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति और राज्यपाल की आगवानी पुलिस लाईन स्थित हेलीपेड में की जावेगी। जहां तीन की संख्या में हेलीपैड तैयार कर लिये गये हैं। यहाँ से व्ही आई पी काफिला नगर होते हुये चंद्र विजय महाविद्यालय पहुंचेगा। जहां पर विश्व सिकिल सेल दिवस कार्यक्रम आयोजन की तैयारी है।

#### -बिना पहचान पत्र प्रवेश रहेगा वर्जित

उपराष्ट्रपति और राज्यपाल के आगमन के दौरान हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने बतलाया कि अतिविशिष्ट के सुरक्षा घेरे में केवल पहचान पत्र धारी ही प्रवेश की पात्रता रखेंगे। इसके अलावा अन्य का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। आगमन और कार्यक्रम के दौरान कॉलेज तिराहा पर वाहनों का आवागमन भी बंद किया किया गया है। पार्किंग हेतु परिवहन कार्यालय, केंद्रीय विद्यालय और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में स्थल चयन किया जा रहा है।

#### -1963 मरीजों को किया गया है चिन्हित

कार्यक्रम में जिले में सिकिल सेल एनीमिया से प्रभावित और संभावित मरीजों और उनके अटेंडर्स को आने जाने की सुबिधा हेतु लगभग 50 वाहनों की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग कर रहा है।सिविल सर्जन डॉ. अजय राज ने बतलाया कि मरीजों की जांच और उपचार हेतु स्थानीय चिकित्सकों के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज और आईसीएमआर के विशेषज्ञों की सेवाएँ ली जावेंगी। जानकारी के मुताबिक सिकिल सेल से पीड़ति 1963 मरीज चिंहित किये गये है।जबकि अन्य में लक्षणों और जांच के आधार पर चिकित्सक बीमारी की पुष्टि करेंगे।

#### -बॉर्डर पर नाकेबंदी, होटलों की जांच शुरू

जिले में उपराष्ट्रपति और राज्यपाल के आने के पूर्व गुरुवार से पुलिस ने सभी होटलों,लॉज, सराय और धर्मशाला पर ठहरने वालों की जानकारी तलब करना शुरू कर दिया है। इसके लिये मुसाफिरखानों की जांच भी की जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से जिले की बॉर्डर पर नाकाबंदी भी शुरू कर दी गई है और जिला मुख्यालय में पुलिस गश्त तेज कर दी गई है।पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह ने बतलाया कि व्ही आई पी मूवमेंट के दौरान ड्रोन से भी निगरानी की जावेगी। निजी ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी भी रहेगी।

#### -हेलीकॉप्टर से हुई रिहर्सल

उपराष्ट्रपति के पहुंचने के पूर्व सोमवार एवं मंगलवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में वायुसेना के उड़नखटोला से आने और जाने की रिहर्सल की गई। इस दौरान पैरामिलिट्री फोर्स मौजूद रहा। मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम के तहत हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने और फिर वापस हेलीपैड तक आने की तैयारियों का जायजा भी लिया गया।



### ई रूपी के माध्यम से कृषि आदान सामग्री विक्रय हेतु सहकारी व निजी क्षेत्र के विक्रेताओं का ऑन बोर्ड होना अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग में संचालित योजनाओं अंतर्गत फसल प्रदर्शन, बीज वितरण में बीज,पोषक तत्व,दवाइयां आदि आदान सामग्री में अनुदान भुगतान हेतु खरीफ वर्ष 2024-25 में ई रूपी वाउचर के माध्यम से भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया है।ई रूपी कैशलेस पेमेंट का तरीका है जिसके माध्यम से कृषकों को कृषि आदान खरीदने से कई फायदे मिलते हैं,यह सब्सिडी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, विक्रेताओं को सीधे भुगतान सुनिश्चित करता है, रिसाव को काम करता है और लेनदेन में पारदर्शिता को बढ़ाता है इसके अतिरिक्त यह लक्षित वितरण की सुविधा प्रदान करता है जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण इनपुट कुशलता पूर्वक प्राप्त करने में मदद मिलती है।कृषि आदान सामग्री के अनुदान भुगतान हेतु जिले के अनुज्ञप्तिधारक निजी व सहकारी क्षेत्र के विक्रेताओं (वेंडर्स) को 20 जून 2024 तक बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खाता खुलवाना अनिवार्य होगा जिसके तहत बैंक द्वारा वेंडर्स के एंड्राइड मोबाइल पर एप्लीकेशन भेजा जाएगा जिसे डाउनलोड कर ई रूपी वाउचर को रिडीम किया जा सकेगा स विक्रेताओं को ई रुपी स्वीकार किए जाने का डिस्प्ले अपनी संस्था में लगाना होगा। एमपी किसान ऐप में पंजीकृत कृषकों के मोबाइल में भेजे गए ई रूपी वाउचर को कृषक आसानी से डिस्प्ले की गई संस्थानों में जाकर वाउचर को रिडीम कराकर आदान सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। कृषक का वाउचर रिडीम होने के पश्चात राशि सीधे विक्रेताओं के आधार लिंक बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी। अनुज्ञप्तिधारक निजी व सहकारी क्षेत्र के विक्रेताओं से अपील है कि कृषि आदान सामग्री विक्रय हेतु अपना खाता बैंक आफ महाराष्ट्र में आवश्यक रूप से खुलवाऐं जिससे 20 जून तक ऑन बोर्ड किए जाने की प्रक्रिया पूर्ण हो सके।

# शहपुरा पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों की मनमर्जी, अस्पताल से रहते हैं नदारत

## रजिस्टर में लग रही 100 प्रतिशत उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

जिले के शहपुरा नगर के पशु चिकित्सालय में अब एक दुखद परिस्थिति दिख रही है, यहां के पशु अस्पताल की हालत बेहद निराशाजनक है। यहां पर न तो चिकित्सक की कोई उपस्थिति है और न ही पशुओं के इलाज की आवश्यकता को ध्यान में रखा जा रहा है। यहां के अस्पताल के अंदर की स्थिति को देखकर शायद आप भी हैरान हो जाएंगे कि यह पशु अस्पताल है या फिर कोई ऐतिहासिक धरोहर, स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां डॉक्टर तो पदस्थ हैं लेकिन वह कभी-कभी ही आते हैं, यह अस्पताल भगवान भरोसे चल रहा है। यहां पर पशुओं के इलाज के लिए अस्पताल के अंदर न तो उपयुक्त उपकरण हैं और न ही विशेषज्ञ चिकित्सक।

पशु चिकित्सालय में पदस्थ स्टाफ के नदारत रहने की जानकारी जब हमारे संवाददाता को मिली तो उन्होंने इसकी पड़ताल करने के लिए पशु चिकित्सालय शहपुरा का दौरा किया, जिसमें उन्हें उपस्थिति रजिस्टर सहित बहुत सी कमियां मिलीं।

पशु चिकित्सालय में पशु विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी जनता को नहीं मिल रही है। पशु चिकित्सालय में जब अपने मवेशियों का इलाज कराने जाते है तो पशु चिकित्सालय मे चपरासी के अलावा और कोई दूसरा कर्मचारी उपस्थित ही नहीं रहता चपरासी द्वारा पूछने पर बता दिया जाता है की आज डॉक्टर साहब नहीं आए।

बुधवार को पशु चिकित्सालय शहपुरा में जब संवाददाता सुबह 10.00 बजे पहुंचे तो अस्पताल से सभी डॉक्टर नदारत मिले। सिर्फ स्टाफ के रूप में शिवनंदन दुबे पशु एंबुलेंस के ड्राइवर वहां पर उपस्थित मिले।



#### उपस्थिति पंजी रजिस्टर में मिली गड़बडियां

शहपुरा पशु चिकित्सालय में रखे उपस्थिति पंजी को जब देखा गया तो उसमें लगभग कई महीनो से लगातार पूरे स्टाफ की 100 प्रतिशत उपस्थित देखने को मिली। पूरे स्टाफ के द्वारा ना तो रविवार को छुट्टी ली गई और ना ही किसी त्योहार में जबकि यहां के लोगों के द्वारा अक्सर यह कहा जाता है कि जब भी हम पशु चिकित्सा ले जाते हैं तो हमें वहां पर कोई भी डाक्टर उपस्थित नहीं मिलते हैं अब यह भी अपने आप में एक बहुत बड़ा घोटाला है जिसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। वही उपस्थिति पंजी में संवाददाता को यह भी देखने को मिला कि गुरुवार की भी उपस्थिति पंजी रजिस्टर में दर्ज थी इस पर जब अस्पताल कि जिम्मेदारों से पूछा गया तो वह गोल-गोल जवाब देते हुए गलती से साइन हो जाने की बात कहते नजर आए।

#### निजी डॉक्टर करते हैं पशुओं का इलाज

वर्तमान स्थिति में, पशु अस्पताल की कमजोर हालत के कारण स्थानीय लोग मजबूरी में निजी डॉक्टरों की सहायता ले कर ही अपने पशुओं का इलाज करवा रहे हैं। पशु चिकित्सा विज्ञान के विशेषज्ञों की कमी के चलते पशु अस्पताल की सुविधाएँ भी नहीं हैं. प्राथमिकता के कारण, लोग अपने पशुओं के इलाज के लिए निजी डॉक्टरों की सहायता ले रहे हैं। पहले जब यह पशु अस्पताल बनाया गया था, तब लोगों की उम्मीद थी कि वे अपने पशुओं को आसानी से इलाज करवा सकेंगे. हालांकि, आजकल की स्थिति यह दिखाती है कि यह सपना बेहद दूर है।

#### ग्रामीण क्षेत्र से आए पशुपालक घंटो करते हैं इंतजार

शहपुरा पशु चिकित्सालय में डॉक्टर भी पदस्थ हैं और दवाइयां भी उपलब्ध है। बावजूद इसके पशुपालकों को सहूलियत नहीं मिल पा रही है। दूर दराज से आने वाले पशुपालकों को या तो दिन भर बैठकर इंतजार करना पड़ता है या फिर निराश होकर लौट जाना पड़ता है। और फिर झोलाछाप डॉक्टरों का सहारा लेना पड़ता है जिसमें न केवल उनके पशु की शामत आ जाती है बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

#### जांच करने पर हो सकता है बड़ा खुलासा

आपको बता दे की शहपुरा पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों की उपस्थिति रजिस्टर में ना ही किसी रविवार में अनुपस्थिति दर्ज है डाक्टरों की ना ही 19 महीनो से उनके द्वारा कोई त्यौहार मनाया गया है उन्होंने एक अद्भुत रिकॉर्ड बनाकर रजिस्टर में कायम किए हैं। जांच करने पर बहुत ही बड़ा खुलासा सामने आ सकेगा अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी संज्ञान लेकर कब कार्रवाई करेंगे।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा मुझे जानकारी मिली है यदि किसी तरह की अटेंडेंस में गड़बड़ी उनके द्वारा की गई है तो इसकी जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**-एचपी शुक्ला**
**पशु जिला चिकित्सा अधिकारी**

# श्री राम कथा में सीता-राम विवाह प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

## श्रीराम सीता की झांकी रही आकर्षण का केंद्र





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

शहपुरा बिछिया के ग्राम छपरा के बजरंग टेकरी में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन मंगलवार को श्री रामचरित मानस की कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा वाचक कनिष्ठ जगत गुरु शंकराचार्य आत्मानंद सरस्वती जी महाराज जी ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा- महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। संगीत की धुन पर भजन सुनकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया बताया गया की भगवान राम सीता का विवाह कथा पंडाल पर बड़े धूम धाम से मनाया गया बेंड बाजे आतिशबाजी के साथ राम सीता की झांकी निकाली है वही भगवान के भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए देर कथा की समाप्ति के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

#### -बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

कथा में कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य आत्मानंद महाराज जी ने बेटी बचाओ पर संदेश दिया कहा की बेटा घर का दीपक हैं तो बेटी घर की बाती हैं दीपक नही जलता बाती जलती हैं आने वाला कल हैं बेटी वही उन्होंने कहा की इस देश में नारी समाज के साथ अन्याय हो रहा हैं पर आज नारी ही सहारा बन रही हैं इसलिए आने वाला कल हैं बेटियां हमे बेटियों पर भेदभाव नही करना चाहिए बेटियां तो साक्षात लक्ष्मी का रुप होती हैं।

# शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में

## जल संरक्षण अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।

शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में मंगलवार को जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय में कार्यक्रम के प्राचार्य डॉ शशिकांत चंदेला के मार्गदर्शन में एवं डॉ गौरी सिंह परते राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक द्वारा जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम के तत्वावधान में छोटी ताल तलैया के रूप में तैयार किया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा अमूल्य योगदान दिये जिससे स्वयंसेवकों द्वारा एक छोटी तलैया तैयार किया जिसमें जल संरक्षित कर जल की स्तर को बढ़ाने का संकल्प लिया गया। महाविद्यालय के छात्रों ने अपने जीवन में जल संरक्षण करने एवं अपने अपने ग्राम और आसपास के ग्रामों के लोगों को भी जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। जल संरक्षण कार्यक्रम में डॉ गौरी सिंह परते संयोजक, डॉ शशिकांत चंदेला कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय, सुश्री माया कनासे, श्री संदीप कुमार साहू एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित मौजूद रहे एवं जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की जो अत्यंत सराहनीय रहा।



# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल

## दो निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण







**प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटैल की अध्यक्षता में स्कूल चले हम अभियान के तहत सीएम राइज विद्यालय नरसिहपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमना में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

नरसिंहपुर ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन- अर्चन कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुत किया। विद्यालय के नौनिहाल द्वारा मंत्री श्री पटेल को पेंसिल स्केच फोटो प्रदान की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकार, पुष्पहार से स्वागत कर पेन एवं चाकलेट वितरण के साथ शासन द्वारा प्रदत्त निरूशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए संदेश का भी वितरण किया गया। उन्होंने नवीन शिक्षण सत्र की सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

### विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटैल ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए महत्वपूर्ण है, जो मुझे रिपोर्ट कार्ड से परिचय होने का अवसर मिला। शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत एवं मेहनत से प्राप्त सफलता के लिए छात्र- छात्राओं एवं शिक्षको को बधाई देते हुए स्वयं के छात्र जीवन के अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रति सम्मान के भाव सदैव होना चाहिए। गुरु का विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।ये धारणा गलत है कि सिर्फ टॉपर ही सफल होते हैं, जिस दिन आप जागेंगे आपकी ऊर्जा आपको सफलता के मुकाम तक पहुंचायेगी। अपने शिक्षा क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा, लगन व मेहनत के साथ कार्य करना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने विद्यालय के शिक्षकों एवं उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### विद्यार्थियों को करायेगें विस का भ्रमण

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जो ड्राप आउट बच्चें है उनके घर जाकर संपर्क कर उन्हें स्कूल आने के लिए मोटिवेट करें। पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा अवश्य बनें। उन्होंने विद्यालय के छात्र- छात्राओं के लिए विधानसभा सत्र के दौरान भ्रमण की चर्चा की। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान भ्रमण अवश्य करायें। उनके लिए आने- जाने व रुकने की व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सीखें, संकल्प लें आगे बढ़े। खूब पढ़े, अच्छा पढ़े, देश, प्रदेश, विद्यालय, समाज व परिवार का नाम रोशन करें। कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा जिले के राज्य स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम के लिए पालकों एवं शिक्षकों को क्रेडिट देते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव छात्र- छात्राओं से साझा किए। कलेक्टर ने कहा कि छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों का भी हिस्सा बनना चाहिए। छात्र- छात्राओं से उनके सपने पूछे कि क्या बनना चाहते हैं, भविष्य में क्या बनना है, इसके लिए सपना देखना चाहिए। सोशल मीडिया में सुविधा और दुविधा दोनों इसलिए अनुशासन में इसका प्रयोग करें। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि शिक्षा से हम दुनिया को बदल सकते हैं।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों का किया सम्मान

कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कक्षा 12 वीं में 94.4 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा रश्मि बैरागी, 92.8 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा भूमि दुबे, 88.2 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा दिया पटेल, 82.8 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा साक्षी पटेल व 78.4 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा दिशा प्रजापति, कक्षा 10 वीं में 92.6 प्रतिशत अंक लाने वाली जिया सराठे व 90.8 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा राबिया बी, कक्षा 8 वीं में 94.6 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा हिमानी रैकवार व 91.3 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा संचिता देवांशी साहू, कक्षा 5 वीं में 86 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र आयुष्मान उपाध्याय और राज्य स्तर पर क्रिकेट में विद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्रा मानसी मेहरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने उच्च गुणवत्तायुक्त विद्यालय विकास में योगदान देने वाले शिक्षक प्रभात राजपूत, शतप्रतिशत परिणाम लाने वाले शिक्षक दुर्गा प्रसाद धुर्वे, अभिनव लखेरा, श्रीमती राजनीता कौरव, श्रीमती मोनिका मेहरा, सुनील दीक्षित, उदयराज पांडेय, मनोज वैष्णव, श्रीमती माधुरी गर्ग, श्रीमती विनीता सराठे, अजय नेमा, सुरेन्द्र पटेल, इमरान खान, सुश्री एकांकी मेश्राम, सोमनाथ घोषी, श्रीमती अर्चना भार्गव व कृष्ण कुमार शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, रमाकांत चैबे, राजेंद्र ठाकुर, अभिनव शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्योहार, वीरेन्द्र सिंह पटेल, जनपद सदस्य शारदा पटेल, लक्ष्मण पटेल, सरपंच लालसाहब गुमास्ता, द्वारका प्रसाद लोधी, मेरसिंह गुमास्ता, पुरुषोत्तम पटेल, संबंधित स्कूलों के प्राचार्य व अध्यापकगण, पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे।

### दो निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने 108.23 लाख रुपये लागत की 1.50 किमी लम्बाई गड़रिया खेड़ा पीएमपीएस कार्य मार्ग से समनापुर मुहास मार्ग और 177.73 लाख रुपये लागत की 2.40 किमी धमना से सगौनी मार्ग का लोकार्पण किया।

## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त की गई अंतरित



**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त का वितरण वाराणसी उत्तरप्रदेश में किया गया। जिले में एक लाख 45 हजार 746 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में कुल 29 करोड़ 14 लाख 92 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती है। इस संबंध में जिले में कार्यक्रम का प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, हितग्राहियों और आम नागरिकों ने देखा व सुना। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले की गोटेगांव तहसील के कुल 28 हजार 68, गाडरवारा- सांईखेड़ा के 54 हजार 987, नरसिंहपुर के 26 हजार 557, तेंदूखेड़ा के 15 हजार 774 और करेली के 20 हजार 360 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया।

### समर कैम्प का हुआ समापन, विभिन्न विधाओं का दिया प्रशिक्षण



**नरसिंहपुर ।** पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के 6 से 16 साल तक के बच्चों हेतु आयोजित किए गए समर कैंप का पुलिस अधीक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में हुआ समापन हुआ। पुलिस लाईन नरसिंहपुर में आयोजित ''समर कैंप'' के दौरान बच्चों को नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, मेंहदी, बेटमिंटन, टेबिल टैनिस, अर्चरी, स्केटिंग, हार्स राईडिंग, बाक्सिंग, साईकिलिंग एवं अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कैंप के समापन के अवसर पर सम्मिलत बच्चों से मुलाकत की गयी एवं उनके द्वारा समर कैंप में किए गये कार्यो एवं खेलों के संबंध में चर्चा की गयी एवं उनको समझाईस देते हुये उनको भविष्य में भी खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### सुंदर काण्ड पाठ सम्पन्न



**नरसिंहपुर ।** रामचरित मानस में सुन्दर काण्ड सबसे सुंदर है। जामवंत के वचन सुहाये, सुनि हनुमंत हृदय अति भाये चैपाई से सुंदर काण्ड का आरम्भ हुआ है। वयोवृद्ध जामवंत जी के वचन सबको बहुत अच्छे लगे। हनुमान जी ने तो अपने दिल में धारण कर लिये। यही तो सुंदरता है जहां बुजुर्गों के वचनों का सम्मान होता है नई पीढ़ी वचनों को मानती है वहां आनंद है सुंदरता है भारतीयता है । ये विचार प्रमुख वक्ता पं. एस पी तिवारी ने मनोकामनेश्वर मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित सत्संग सभा में व्यक्त किये। आयोजन समिति से गुरुवर नारायण प्रसाद साहू ने कहा कि बुजुर्गों के सानिध्य सेवा और वचन पालन से विद्या बुद्धि यश कीर्ति मिलती है। पं.मनीष गिरदोनिया ने हनुमान जी का पूजन अर्चन वा चोला वंदन कराया। कार्यक्रम में मनोज बाजपेई गिरीश पटेल कविवर अशोक त्रिपाठी लक्ष्मी कांत सरावगी, जे पी श्रीवास्तव महेश नेमा, बी डी रूसिया, दिनेश श्रीवास्तव पुरषोत्तम पहलवान रामचरण कश्यप ओ पी राय एंड.अजय साहू डा. पटेल सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।संचालन एन पी साहू ने किया।

### कर्म से बड़े कोई न्यायधीश नहीं- मुनिश्री

**तेंदूखेड़ा।** धन दौलत रुपया पैसा सोना चांदी मकान वाहन यहां तक की शरीर भी इस आत्मा का अपना नहीं है ।जहां शरीर ही अपना नहीं है वहां अन्य सांसारिक वस्तुयें तो प्रत्यक्ष रुप से ही पृथक दिखाई देती हैं। आत्मा ही आत्मा का परिग्रह है।

# मुख्य जेल अधीक्षक मप्र ने किया जेल का निरीक्षण



**नरसिंहपुर ।** विगत दिवस को मुख्य जेल अधीक्षक मप्र शासन दिनेश नरगावे द्वारा केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर का औचक निरीक्षण किया गया। अधीक्षक द्वारा जेल के समस्त वार्डों का निरीक्षण के दौरान बंदियों को जेल प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं जिसमें पैरोल, स्वास्थ्य सुविधा, पैरालिगल वालेंटियर, निःशुल्क वकील, फोन एवं मुलाकात व्यवस्था, पाठशाला में बंदियों द्वारा बनाये गये गुणवत्तापूर्ण भोजन, उच्च शिक्षा आदि विषयों पर जानकारी ली गई। जेल में बंदियों के कौशल उन्नयन के लिए जेल में सुधारात्मक गतिविधियों के तहत संचालित कपडा उद्योग, लोह उद्योग, बढ़ई कारखाना, पावरलूम, प्रिटिंग प्रेस, सिलाई कारखाना एवं जेल अस्पताल का अधीक्षक महोदय ने औचक निरीक्षण किया। जेल में बंदियों की आवास व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, साफ सफाई, बंदियों को दिये जाने वाले भोजन, शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाएँ एवं न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में बंदियों से पूछताछ के साथ ही बंदियों को समझाईश दीं कि वे जेल में रहकर अपना समय अच्छे कार्यों एवं कुशल कारीगरी सीखने में लगाएं, जिससे कि रिहा होने पर वे समाज में अपना अच्छा स्थान बनाकर पुर्नस्थापित हो सके। जेल में बंदियों के सुधार के लिए किये जा रहे सभी प्रयासों के लिए जेल प्रशासन की सराहना कर जेल में व्याप्त साफ सफाई एवं अनुशासन की प्रशंसा की । भ्रमण के दौरान जेल अधीक्षक, उप जेल अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरियाल एवं अष्टकोण प्रभारी एडवर्ड स्वामी के साथ ही सुरक्षा स्टाफ उपस्थित रहा।

# नवलगांव हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग सौंपा ज्ञापन

करेली।



नवलगांव में हुए हत्याकांड के संदर्भ में अज्ञात आरोपियों के नाम दर्ज मामले में आनन फानन में बिना उचित जांच के निजी चैनल के संवाददाता पर हत्या के मुकदमे की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग के संदर्भ में 6 तथ्यात्मक बिन्दुओं पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार को प्रेस परिषद करेली के अध्यक्ष अनुज ममार ने प्रेस परिषद के वरिष्ठ व युवा सदस्यों व नरसिंहपुर के साथियों की मौजूदगी में कार्यालय पुलिस अधीक्षक में ज्ञापन सौपा। एसपी ने ज्ञापन के सभी बिन्दुओं पर ध्यान देते हुए कहा कि अन्याय नहीं होगा उन्हौनें कुछ पाइंट नोट भी किए मामले पर विस्तृत चर्चा की गई। अनेक तथ्यों से परिषद सदस्यों ने अवगत भी कराया। ज्ञापन में उल्लेखित किया कि विगत दिनों स्टेशन गंज थाना अंतर्गत नवलगांव में एक व्यक्ति की मारपीट से मौत हो गई थी, प्रेस परिषद उक्त घटना की निंदा करती है जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है उसे सजा जरूर मिलना चाहिए लेकिन कुछ तथ्य सामने आ रहे है जिससे साफ जाहिर होता है कि आयोजन में शामिल पत्रकार को टारगेट करके हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उक्त मामले में करेली निवासी आईबीसी 24 के अधिकृत जिला संवाददाता सिद्धार्थ ब्रजपुरिया पर आनन फानन में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। तथ्य यह है कि- मारपीट की घटना 2 जून की है, पीड़ति पक्ष की तरफ से 2 दिन तक उसका इलाज क्यों नही करवाया गया..? जानकारी के अनुसार मृतक की पसली टूटी हुई थी, इन दो दिनों में मृतक के साथ किसी और ने तो मार पीट नही की थी...? परिजनों ने इलाज में देर क्यो की..? एफआईआर के अनुसार मारपीट में किसी हथियार से मारपीट का उल्लेख नही है, अर्थात हाथ-पैर से ही मारपीट की गई है. क्या मारपीट का आशय हत्या करना था या मारपीट में आई चोट की वजह से मृत्यु हुई है.? यदि आशय हत्या करना नही था तो क्या गैर इरादतन हत्या की धारा लगाने की जगह सीधे हत्या की धारा लगाकर विवेचना न्यायोचित है..? एफ आई आर में 5-6 अज्ञात व्यक्तियों का उल्लेख है..नवलगांव से लगभग 25 किमी दूर करेली निवासी पत्रकार की पहचान जिस आधार पर की गई उसी आधार पर घटना के लगभग 15 दिन बाद भी अन्य आरोपियों को पहचान क्यों नही की जा सकी है..? प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजन स्थल पर तैयारियों में जुटे आयोजक एडवोकेट अजय लोधी, टेंट संचालक, उनके कर्मचारियों ने आयोजन स्थल के पास ऐसी किसी भी घटना के होने से साफ इंकार किया गया है..इससे स्पष्ट है कि घटना स्थल जो बताया गया है..घटना वहां से कहीं दूर हुई है..तब यह भी संभव है आरोपी पत्रकार ने मारपीट न की हो घटना 2 जून 2024 दोपहर की बताई जा रही है उसके बाद पीड़ति की 4 जून में मौत हो जाती है, पुलिस द्वारा एफ आई आर दर्ज कर ली जाती है. उसके बाद भी सिद्धार्थ कथा स्थल में अपनी सेवा देता रहा और उच्च अधिकारियों से मिलता जुलता रहा, यदि वह शामिल था तो क्या किसी जघन्य अपराध में शामिल आरोपी का सामान्य बर्ताव ऐसा हो सकता है..? यहां उल्लेखनीय है कि सिद्धार्थ ब्रजपुरिया करेली नगर के सभ्रांत एवं व्यापारिक परिवार से हैं. जिसका कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है. शिक्षित और पत्रकारिता से स्नातक है. और पीड़ति पक्ष ने भी मारपीट में सिद्धार्थ के नाम का उल्लेख नहीं किया। पत्रकार सिद्धार्थ बृजपुरिया को कथा के समापन के अगले दिन 11 जून को दोपहर को करेली से गिरफ्तार कर लिया और 12 तारीख को जेल भेज दिया, जबकि घटना में अन्य पांच छह लोग और शामिल होने की बात पुलिस कर रही है लेकिन अन्य लोगो को अभी तक गिरफ्तार नही किया गया, ना ही अन्य व्यक्तियों के नाम सामने आए, सिद्धार्थ की गिरफ्तारी में असामान्य तेजी और अन्य आरोपियों के मामले में पुलिस की असामान्य सुस्ती, पुलिस की कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में ला रही है, प्रेस परिषद करेली की मांग है कि पत्रकार से जुड़े मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की जाए और आरोपियों पर मामला दर्ज किया जाए। यदि इस प्रकरण में कोई गैर वाजिब दबाब पुलिस पर डाला जा रहा है तो वह दबाब उजागर किया जाए। आपसे सादर विनय अपेक्षा है कि पुलिस किसी तरह के दबाब में कोई कार्यवाही नहीं करेंगी। अतः मामले की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच जरूरी है कृपया अपनी कार्यवाही से प्रेस परिषद को अवगत कराया जावे ज्ञापन की प्रतियां गृहमंत्री मप्र शासन भोपाल, पुलिस महानिदेशक मप्र शासन भोपाल पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर संभाग जबलपुर को भी प्रेषित की गई है।

# गुजरात से दस्तयाब की गई किशोरी



नरसिंहपुर ।

आपरेशन मुस्कान के तहत थाना सुआतला पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अपुहत 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को गुजरात से बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित कर जिला अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिकाओं के प्रकरणों की समीक्षा उपरान्त नाबालिग बालिकाओं की पतासाजी कर दस्तयाब करने हेतु आपरेशन मुस्कान चलाया जाकर जिला अंतर्गत अपहरण के प्रकरणों में कार्यवाही हेतु विशेष टीमों का गठन किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

प्रार्थी द्वारा थाना सुआतला में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले गया है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना सुअतला में अपराध क्रमांक 150/2024 धारा 363 भादवि पंजीवद्ध किया गया। नाबालिक बालिका की तलाश हेतु गठित की गयी टीम द्वारा स्थानीय स्तर पर पतासाजी उपरान्त जानकारी प्राप्त करने हेतु तकनीकी माध्यमों से जानकारी प्राप्त की गयी एवं क्षेत्रीय मुखबिरों को सक्रीय किया गया।

जिसके परिणामस्वरुप सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपहृता वर्तमान में ग्राम खेरवा, राजकोट, गुजरात में हैं। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा गुजरात रवाना किया गया।

टीम द्वारा राजकोट, गुजरात पहुचकर बारीकी से तस्दीक की गयी जिसके परिणाम स्वरूप पहुँचकर अपहृता को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई। 17 वर्षीय बालिका को बरामद करने के उपरान्त उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। अपहृत नाबालिक बालिका की बरामदगी करने में थाना प्रभारी, सुआतला, अनुपमा शर्मा, उप निरीक्षक अंकित रावत, आरक्षक सुधर्म, कपिल राजपूत, महिला आरक्षक रुचि शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही है।

# स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव

## छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर किया सम्मान





### वितरण हुई पुस्तकें

**तेंदूखेड़ा।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के तहत 18 से 20 जून के बीच चलने वाले स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत शाला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर समीपी ग्राम भामा हाईस्कूल इमझिरा हायर सेकेंड्री स्कूल डोभी एवं तेंदूखेड़ा के अंतर्गत मदनपुर विलगुवां सर्रा मर्रावन स्कूलों मे संस्था प्रधानों द्वारा नवप्रवेशित छात्र छात्राओं के साथ साथ उपस्थित सभी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तथा पुस्तकों का वितरण किया गया। यह अभियान 20 जून तक शाला स्तर पर चलेगा। शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। समस्त पात्र शालाओं में विशेष भोजन का वितरण किया जाएगा। 19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा, जिसमें प्रमुख कक्षावार विषयखंड, शैक्षणिक कैलेण्डर, अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी। राज्य शासन की ओर से अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। कक्षावार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की अभिभावकों को जानकारी प्रदाय की जाएगी। इसी तरह 20 जून को जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए आमंत्रित किया जायेगा। शालाओं में विद्यार्थियों से भेंट के लिए अन्य इच्छुक व्यक्तियों के लिए शाला चयन की ऑनलाईन सुविधा लिंक के द्वारा उपलब्ध रहेगी। इच्छुक व्यक्ति किसी एक शाला का चयन कर स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, संस्कृतिधर्मी, समाजसेवी, उद्योगपति, उन्नत एवं सफल किसानों, व्यवसायी, मीडिया और संचार मित्रों, सैन्य और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जायेगा।